मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांक: 16 सितम्बर 2014

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	16-09-14	17-09-14	18-09-14	19-09-14	20-09-14
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	34	34	34	35	35
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	26	26	27	27	27
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	0	2	0	1	1
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	73	68	62	58	56
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	42	38	36	28	32
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	12	10	11	10	12
हवा की दिशा	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह :

किसान भाई दलहनी फसलों की पकी हुई फलीयां की तुडाई करें एंव सुरक्षित स्थान पर रखें।

बारानी तारामीरा की फसल के लिए खाली पड़े खेत को जुताई कर तैयार करें तथा इसी समय खेत में गोबर की खाद भी मिला दे।

तिल में छाछ्या रोग के नियन्त्रण के लिए 20 किलो गन्धक के चूर्ण का प्रति हैक्टर भुरकाव करें।

मूंग व मोठ में फली छेदक कीट की रोकथाम के लिए मोनोक्रोटोफॉस 36 डब्ल्यू.एस.सी. या क्यूनॉलफॉस 25 ई.सी. दवा एक लीटर प्रति हैक्टर की दर से फूल व फली आते ही छिड़काव करें।

पशुओं में एच.एस. एवं बी.क्यू. का टीका लगवायें। सभी पशुओं को पेट के कीड़े मारने की दवा पिलावें। पशुओं को हरे चारे के साथ सूखा चारा मिलाकर खिलावें।